



## संक्षिप्त समाचार

### सीएम ने भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारियों ने भेंट की

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी से मुख्य सचिव डॉ. एस.एस संधु के साथ भारतीय प्रशासनिक सेवा के वरिष्ठ अधिकारियों तथा पुलिस महानिदेशक अशोक कुमार के नेतृत्व में भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारियों ने भेंट की। सभी ने मुख्यमंत्री को नववर्ष की शुभकामनायें दी तथा मुख्यमंत्री के दीर्घ जीवन की कामना की। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भी सभी को नववर्ष की बधाई दी तथा कामना की कि नववर्ष में सभी की नई ऊर्जा के साथ प्रदेश विकास की राह में अग्रसर होगा।

### आप नेता ने केजरीवाल के दून विजिट पर समीक्षा बैठक ली

**संवाददाता** देहरादून। आम आदमी पार्टी के मसूरी विधानसभा कार्यालय में श्याम बोहरा द्वारा अरविंद केजरीवाल के 3 जनवरी को देहरादून विजिट पर एक समीक्षा बैठक की गई। इस समीक्षा बैठक में मसूरी विधानसभा के सभी कार्यकर्ताओं को उनकी जिम्मेदारियां तय की गई। मसूरी विधानसभा प्रभारी श्याम बोहरा ने अपने सभी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि हम सभी पूरे तन मन से आम आदमी पार्टी द्वारा तय की गई नीतियों पर चलेंगे एवं 2022 के विधानसभा चुनाव में विजई होंगे। उन्होंने अपने कार्यकर्ताओं को जनहित के कार्यों के लिए हर वक्त तैयार रहने के लिए कहा।

### भाजपा की विजय रथ यात्रा का दूसरा चरण शुरू

**संवाददाता** देहरादून। नए साल पर उत्तराखंड विधानसभा चुनाव 2022 को लेकर भाजपा की विजय रथ यात्रा के दूसरे चरण का शुभारंभ हो गया है। यह यात्रा देहरादून जिले की राजपुर विधानसभा से होते हुए मसूरी और दूसरी 27 विधानसभाओं में जाएगी। यात्रा की शुरुआत करते हुए पार्टी के चुनाव प्रभारी से लेकर प्रदेश प्रभारी और प्रदेश अध्यक्ष मौजूद रहे। उत्तराखंड भाजपा की विजय संकल्प यात्रा के दूसरे चरण में पार्टी ने दून की राजपुर विस से रथ यात्रा निकाली।

### सहकारिता में उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुरस्कृत

**संवाददाता** देहरादून। सहकारिता विभाग की राज्य समेकित सहकारी विकास परियोजना के कार्यालय में एनसीडीसी भारत सरकार द्वारा अपने क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली उत्तराखंड की समितियों को पुरस्कृत किया गया। राज्य समेकित सहकारी विकास परियोजना के मुख्य कार्यक्रम निदेशक डॉ आर मीनाक्षी सुन्दरम् सचिव, सहकारिता ने सभी पुरस्कृत समितियों को शुभकामनाएं एवं बधाई दी साथ ही उनके कार्यो की सराहना करते हुए कहा कि सभी समितियों ने अपनी मेहनत एवं लगन से उत्कृष्ट कार्यों का प्रदर्शन किया है।

# जीवन में सफलता के लिये संतों का आशीर्वाद बहुत आवश्यक: सीएम

**सन्यास दीक्षा**

■ सीएम ने निरंजन पीठाधीश्वर आचार्य महामण्डलेश्वर स्वामी कैलाशानन्द महाराज के प्रथम सन्यास दीक्षा समारोह में किया प्रतिभाग

**संवाददाता**





देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को जगद्गुरू आश्रम कनखल में निरंजन पीठाधीश्वर आचार्य महामण्डलेश्वर स्वामी कैलाशानन्द जी महाराज के प्रथम सन्यास दीक्षा समारोह में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर समारोह को सम्बोधित करते हुये सीएम ने कहा कि निरंजन पीठाधीश्वर आचार्य महामण्डलेश्वर स्वामी कैलाशानन्द जी महाराज के दीक्षा समारोह की वजह से आज मुझे सभी पूज्य सन्तों का एक साथ आशीर्वाद मिलने का सुअवसर प्राप्त हुआ है। उन्होंने कहा कि जीवन में सफलता के लिये पूज्य सन्तों का आशीर्वाद बहुत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि बिनु हरि कृपा मिलहि न सन्ता। सत्संग का जिक्र करते हुये उन्होंने कहा कि सत्संग का मनुष्य के जीवन में काफी प्रभाव पड़ता है, जिस तरह का सत्संग होगा, उसी तरह का मनुष्य का आचार–व्यवहार होगा।

प्रधानमंत्री का उल्लेख करते हुये उन्होंने कहा कि संस्कृति की बात हो या अन्य, हर क्षेत्र में पताका फहराने का काम प्रधानमंत्र के नेतृत्व में हो रहा है। समारोह को जगद्गुरू शंकराचार्य राजराजेश्वराश्रम, जूनापीठाधीश्वर आचार्य महामण्डलेश्वर स्वामी अवधेशानन्द गिरिजी महाराज, स्वामी महामण्डलेश्वर कैलाशानन्द जी महाराज, स्वामी हरिचेतनानन्द जी, स्वामी चिदानन्द मुनि, आचार्य बाल कृष्ण, युग पुरुष परमानन्द जी महाराज, महन्त प्रेम गिरिजी महाराज, पूज्य हरिगिरि जी महाराज, महन्त विज्ञानानन्द जी महाराज, श्री पदम जी, सतपाल ब्रह्मचारी जी महाराज, देवानन्द सरस्वती जी महाराज, श्री तन्मय वशिष्ठ, महामंत्री श्रीगंगा सभा, राजीव शर्मा नगर पालिका अध्यक्ष आदि ने सम्बोधित किया। मंच का संचालन आखाड़ा परिषद व मंसा देवी ट्रस्ट के अध्यक्ष रविन्द्रपुरी जी महाराज ने किया। जगद्गुरू आश्रम कनखल पहुंचने पर मुख्यमंत्री का शाल ओढ़ाकर, विशाल माला, पुष्पगुच्छ तथा प्रतीक चिह्न भेंटकर भव्य स्वागत व अभिनन्दन किया गया।

इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री यतीश्वरानन्द, ललितानन्द जी महाराज, कमलदास जी महाराज, महेश पुरी जी महाराज, भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ0 जयपाल सिंह चौहान, महामंत्री विकास तिवारी, जिलाधिकारी विनय शंकर पाण्डेय, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ0 योगेन्द्र सिंह रावत, एसडीएम पूरण सिंह राणा, सिटी मजिस्ट्रेट अवधेश कुमार सिंह सहित सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित थे। जगद्गुरू आश्रम कनखल के पश्चात मुख्यमंत्री ने जूनापीठाधीश्वर आचार्य महामण्डलेश्वर स्वामी अवधेशानन्द गिरिजी महाराज से हरिहर आश्रम पहुंचकर शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर अन्तर्राष्ट्रीय कुश्ती खिलाड़ी बबीता फोगाट भी उपस्थित थीं।

### चोरी के माल सहित दो गिरफ्तार

**संवाददाता** देहरादून। प्रदेश की राजधानी दून के गौहरी माफी क्षेत्र के स्कूलों में हुई चोरी का खुलासा करते हुए पुलिस ने दो अंतरराज्यीय चोर गिरोह के दो सदस्यों को चोरी किये गये माल व वारदात में प्रयुक्त आटो सहित गिरफ्तार कर लिया है। मिली जानकारी के अनुसार बीती 28 दिसम्बर को प्रधानाध्यापक राजकीय उण्माण्वि गौहरीमाफी निशा द्वारा थाना रायवाला में तहरीर देकर बताया गया था कि 24 दिसम्बर की रात को चोरों द्वारा विघालय भवन से 1 सीपीयूए 1 स्कैनर 1 प्रिंटर 1 यूपीएस व एक इण्डक्सन चूल्हा आदि सामान चोरी कर लिया गया है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने तत्काल मुकदमा दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी। अभी पुलिस चोरों की तलाश में जुटी हुई थी कि बीते 30 दिसम्बर को प्रधानाध्यापक राजकीय प्राथमिक विद्यालय गौहरी सरिता द्वारा थाना रायवाला में तहरीर देकर बताया गया कि बीते 27 दिसम्बर की रात को अज्ञात चोरों द्वारा विघालय भवन की आंगनवाड़ी किचन का ताला तोड़कर गैस सिलेण्डर चूल्हाए दो पेटी खिलौने, एक लक्ष्मी किट चोरी कर ली गयी है।

# चुनावी हल्लाबोलः नए साल पर कांग्रेस का उपवास

**उपवास**

■ गांधी पार्क में महात्मा गांधी की प्रतिमा के सामने 1 घंटे तक सांकेतिक उपवास पर बैठे

**संवाददाता**



देहरादून। कांग्रेस ने नए साल की शुरुआत भाजपा के खिलाफ मौन व्रत रखकर की है। पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल समेत तमाम कांग्रेसी नए साल पर गांधी पार्क में महात्मा गांधी की प्रतिमा के सामने 1 घंटे तक सांकेतिक उपवास पर बैठे।कांग्रेस ने नए साल को नए संघर्ष की भावना के साथ शुरू की. कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने बेरोजगारी, महंगाई, दलित उत्पीड़न और भ्रष्टाचार आदि कई मुद्दों को उठाते हुए संघर्ष संकल्प के रूप में गांधी जी की प्रतिमा के समक्ष उपवास रखा।

पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने कहा कि कांग्रेस पार्टी चुनाव में अपने स्थानीय सरोकारों को देखते हुए भाजपा हराओ उत्तराखंडियत बचाओ या फिर उत्तराखंडियत बचाओ भाजपा हराओ के थीम और कॉन्सेर्ट के साथ उतरेगी। इसके अलावा महंगाई हटाओ भाजपा हराओ, रोजगार बढ़ाओ भाजपा हराओ, किसान नौजवान बचाओ भाजपा हटाओ, छोटा व्यापारी मजदूर बचाओ भाजपा हराओ, यह सब हमारे चुनाव कैंपेन का हिस्सा होंगे। पूर्व सीएम हरीश रावत ने कहा कि हमने जो कार्यक्रम किए हैं, उन कार्यक्रमों में भाजपाई ढोल की पोल, यह सब चुनाव तक कार्यक्रम रहेंगे। साथ ही पूर्ण रोजगारयुक्त उत्तराखंड की बात करेंगे।

बता दें कि भाजपा की नीतियों के खिलाफ कांग्रेस पार्टी ने अपने नए साल की शुरुआत मौन उपवास रखकर की। इस दौरान कांग्रेस जनों ने गांधी पार्क स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा में पुष्प अर्पित किए। उसके बाद धरना देकर 1 घंटे का मौन उपवास रखा।

### रोडवेज की बस खाई में गिरी, पांच लोग हुए घायल

**संवाददाता** देहरादून। देहरादून से नागचूलाखाल जाने वाली उत्तराखंड परिवहन निगम की बस कुणखेत गांव के पास 30 मीटर खाई में गिरने से दुर्घटनाग्रस्त हो गयी है अलबत्ता गाडी में सवार कुल 5 यात्रियों में से तीन लोगों को चोटें आयी हैं । जबकि चालक और परिचालक भी घायल हो गए। जानकारी के अनुसार, देहरादून से नियमित नागचूलाखाल आने वाली परिवहन बस कुणखेत गांव के समीप सायंकाल लगभग 5 बजे सडक के क्षतिग्रस्घ्त पुश्ते के धंसने से 30 मीटर गहरी खाई में गिर गयी। इसमें नागचूलाखाल व रोहिडा जाने वाले शेष 5 यात्रियों में से 3 लोगों को चोटें आई हैं । कुणखेत गांव में दूरसंचार की लचर व्यवस्था के चलते पुलिस विभाग के अधिकारियों सहित स्वास्थ्य विभाग को भी सही समय फर सूचना नहीं मिल पायी, जिसके चलते चोटिल यात्री दुर्घटनास्थल से स्थानीय वाहनों से व्यवस्था कर अपने घरों को निकल गए।





स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के प्रिटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड,
पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादकः प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालयः
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।

(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।